न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, (SDO) बाड़मेर जिला बाडमेर

नाम पीठासीन अधिकारी :– श्री यशार्थ शेखर आई.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या :– /2025

प्रार्थी तहसीलदार बाटाडू	बनाम	पूराराम पुत्र गोरधनराम जाति जाट पोकरराम पुत्र गोरधनराम जाति जाट हरखाराम पुत्र गोरधनराम जाति जाट जगरामराम पुत्र नारणाराम जाट भोगाराम पुत्र नारणाराम जाति जाट नरसींगा दत्तक पुत्र सामाराम जाति जाट निवासी रूगाणियों का तला, भीतड़ा तहसील बाटाडू जिला बाडमेर।

रास्ते सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण अधिनियम 2016

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 अन्तर्गत धारा 131 एवं 132,136

आदेश

दिनांक :- 24.12.2025

राज्य सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र दिनांक 10.08.2016 एवं 30.09.2021 की पालना में राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 04.04.2025 को जारी परिपत्र के अनुसार रास्ता खालों अभियान की पालना में सार्वजनिक रास्ता राजकीय भूमि/निजी खातेदारी की भूमि में मौके पर स्थाई रूप में चालू (कदीमी) परन्तु राजस्व अभिलेख में किसी रूप में दर्ज नही है को राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु तहसीलदार बाटाडू के पत्रांक राजस्व/2025/573 दिनांक 27.10.2025 द्वारा मौजा रूगाणियों का तला पटवार क्षेत्र भीमड़ा तहसील बाटाडू जिला बाडमेर के सरकारी सड़क से भीमडा से रूगोणियों की ढाणी तक जाने वाली सड़क गुजरने वाले रास्ते तक निम्नानुसार भूमि में स्थाई रास्ते के रूप में खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है, जिसकी किस्म परिवर्तित कर रास्ते के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में अंकन करवाने का निवेदन किया।

खातेदार जगरामाराम, भोमाराम, पोकराराम, पूरारारा, नरसिंगाराम, हरखाराम द्वारा सहमति पत्र मय आधार कार्ड पेश कर उनकी खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 397, 399, 538/397, 398 व 412 में चल रहे रास्ते को रास्ते के रूप में राजस्व रेकर्ड में दर्ज करने पर लिखित सहमति प्रकट की गई है। उक्त खातेदारों की पहचान अधिवक्ता श्री वीरमाराम चौधरी द्वारा दी गई। उक्त समस्त खातेदारों द्वारा कोर्ट में उपस्थित होकर उक्त रास्ते को राजस्व रेकर्ड में दर्ज करवाने का निवेदन किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली [illegible] राजस्व अभिलेख एवं नक्शा का भी अवलोकन किया गया। तहसीलदार बाटाडू की [illegible] अनुसार उक्त भूमि काश्तकारों द्वारा रास्ते के रूप में उपभोग में ली जा रही है तथा वर्तमान में मौके पर रास्ता [illegible] रहा है, रास्ते पर सड़क मौके पर बनी हुई है तथाराजस्व ग्राम रूगाणियों का तला के खसरा संख्या 538/397 में से ग्रामीण डामर सड़क गुजरती है। यह डामर सड़क ग्राम पंचायत कार्यालय भीमड़ा के पास चौखला रोड से शुरू होकर खंगारोणी सऊओं की ढाणी तक जाती है, जो राजस्व रेकर्ड में दर्ज नही है। काश्तकारों द्वारा उपस्थित होकर सहमति पत्र मय आधार कार्ड

Signature Not Verified
Digitally signed by Yasharth Shekhar
Date: 2026.01.02 11:52:23 IST
Reason: SelfAttested

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

...स्तुत किये है। काश्तकारों ने न्यायालय में उपस्थित होकर निवेदन किया कि उक्त प्रस्तावित रास्ता रास्ते के रूप में उपयोग में आ रहा है तथा रास्ते के रूप में राजस्व अभिलेख अंकित किया जाता हैं, तो काश्तकारों को आपति नही है तथा सहमति पत्र पर सभी के सभी काश्तकारों के हस्ताक्षर अंकित है, तहसीलदार बाटाडू द्वारा प्रस्तावित रास्ते को राजस्व अभिलेख में रास्ते के रूप में दर्ज करने का निवेदन किया है। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकनापरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे है कि तहसीलदार बाटाडू व काश्तकारों द्वारा उक्त रास्ते को दर्ज करने हेतु सहमति प्रदान की गई है। जिस पर स्थाई रास्ता है, परन्तु उक्त स्थाई रास्ते के रूप में राजस्व अभिलेख में अंकन नही हो पाया है, लिहाजा राज्य सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र दिनांक 10.08.2016 एवं 30.09.2021 की पालना में राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 04.04.2025 को जारी परिपत्र के अनुसार रास्ता खालों अभियान के तहत उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः तहसीलदार बाटाडू द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसील बाड़मेर बाटाडू के मौजा रूगाणियों का तला पटवार क्षेत्र भीमड़ा तहसील बाटाडू जिला बाड़मेर के सरकारी सड़क से भीमडा से रूगोणियों की ढाणी तक जाने वाली सड़क गुजरने वाले रास्ते के रूप में जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से दर्शाई गई है भूमि को तहसीलदार बाटाडू सम्बन्धित खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ता नियामनुसार दर्ज कर नक्शा में तरमीम करावेः–

पटवार मण्डल – भीमड़ा **तहसील – बाटाडू**

वर्तमान में जमाबन्दी में अंकित प्रविष्टी							नवीन रास्ते हेतु प्रविष्टी				
क. सं.	जीसीएमस पोर्टल पर दर्ज क्रमांक	तहसीलदार बाडमेर के पत्रांक मय दिनांक	ग्राम का नाम	खसरा नम्बर	कुल रकबा (हैक्टेयर में)	किस्म	खसरा नम्बर	रास्तें में प्रभावित रकबा (हैक्टेयर में)	रास्ते की लम्बाई चौड़ाई (मीटर में) लम्बाई X चौडाई		किस्म जमीन
1	2	3	4	5	6	7	8	10	11	12	13
1		573/27.10.2025	रूगाणियों का तला	397 399	2.3431 3.8508	बा.सो बा.सो	397 399	0.0528 0.0706	88 117	6 6	गै.मु. रास्ता
2		573/27.10.2025	रूगाणियों का तला	538 / 397	7.1273	बा.सो.	538 / 397	0.1611	268	6	गै.मु. रास्ता
3		573/27.10.2025	रूगाणियों का तला	398 412	2.1924 15.0959	बा.सो. बा.दो	398 412	0.0419 0.0441	69 73	6 6	गै.मु. रास्ता

नोट :– तहसीलदार बाटाडू तदनुसार राजस्व अभिलेख में अंकन करे। तहसीलदार बाटाडू द्वारा प्रस्तुत नक्शा आदेश का अभिन्न अंग है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Yasharth Shekhar
Date: 2026.01.02 11:52:23 IST
Reason: SelfAttested

(यशार्थ शेखर)
उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

आदेश सरे ईजलास में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर